प्रीलिम्स फैक्ट्स : 7 दिसंबर, 2017

कापू आरक्षण विधेयक (Kapu reservation bill)

हाल ही में आंध्र प्रदेश विधानसभा द्वारा राज्य में समुदाय विशेष को शिक्षा एवं रोज़गार में 5 प्रतिशत कोटा प्रदान करने के लिये सर्वसम्मति से कापू आरक्षण विधेयक को पारित किया गया।

- हालाँकि, यदि कापू कोटा जारी किया जाता है तो इससे राज्य में कुल कोटा सीमा 55 प्रतिशत हो जायेगी, जो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक है। इसलिये इस विधेयक में निहित प्रावधानों को लागू करने के लिये राज्य सरकार को केंद्र सरकार से अनुमति लेनी पड़ेगी।

आंध्र प्रदेश में आरक्षण का आवंटन किस प्रकार किया गया है?

- पिछड़ा वर्ग (A, B, C, एवं D श्रेणियों के लिये) – 25%
- अनुसूचित जाति – 15%
- अनुसूचित जनजाति - 6%
- पिछड़ा मुस्लिम समुदाय (E श्रेणी के लिये) – 4%

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण का 'स्वच्छ वायु के लिये संरक्षक'
(UN Environment's Patron for Clean Air)

पे.टी.एम. के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण के 'स्वच्छ वायु के लिये संरक्षक' का नाम दिया गया है। इसके पश्चात् वे न केवल उच्च पर्यावरणीय कार्रवाई करने और जागरूकता बढ़ाने में सहायता करेंगे, बल्कि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण के वैश्विक ब्रीथ लाइफ अभियान (UN Environment's global Breathe Life campaign) के लक्ष्यों हेतु अधिवक्ता की भूमिका का भी निर्वाहन करेंगे।

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण का वैश्विक ब्रीथ लाइफ अभियान लोगों के लिये बेहतर हवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये नीति निर्माण तथा नागरिक कार्रवाई को बढ़ावा देने के संबंध में कार्य करेगा।

एक्सिस सिक्योरिटीज़ का NCDEX में पंजीकरण

एक्सिस बैंक की सहायक कंपनी एक्सिस सिक्योरिटीज़, नेशनल कमोडिटी एंड डेरीवेटिव एक्सचेंज (NCDEX) में पंजीकृत होकर कमोडिटी एक्सचेंज की सदस्यता लेने वाली कोई वित्तीय संस्था (बैंक) या उससे जुड़ी इकाई बन गई है।

- सितंबर माह में भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह अनुमति दी थी कि कमोडिटी बाज़ार में सहभागिता की इच्छा रखने वाले बैंक सेबी द्वारा निर्धारित सदस्यता मानदंडों का पालन करते हुए अपनी सहायक कंपनी स्थापित कर सकते हैं।
- किसी वित्तीय संस्थान (बैंक या उसकी सहायक कंपनी) के रूप में एक्सिस सिक्योरिटीज़ जैसी फर्मों के कमोडिटी ट्रेडिंग में शामिल होने से न केवल कमोडिटी एक्सचेंज की ट्रेडिंग का आधार बढ़ेगा, बल्कि कमोडिटी डेरीवेटिव ट्रेडिंग में निवेशकों का आत्मविश्वास और बढ़ने की संभावना है।
- इससे घरेलू कमोडिटी बाज़ार का विस्तार होगा और तरलता में वृद्धि होगी। साथ ही कमोडिटी बाज़ार के अन्य सहभागियों के लिये पारदर्शी और अनुकूल वातावरण का निर्माण होगा।

'उत्तरी ब्राउन कीवी' पक्षी अब लुप्तप्राय नहीं

हाल ही में आईयूसीएन (International Union for Conservation of Nature- IUCN) द्वारा जारी होने वाली रेड-लिस्ट में 'उत्तरी ब्राउन कीवी' पक्षी को लुप्तप्राय की श्रेणी से संवेदनशील जीवों की श्रेणी में डाल दिया गया है।

- कीवी की कुल 5 प्रजातियाँ पाई जाती हैं और यह न्यूजीलैंड का राष्ट्रीय पक्षी भी है।
- कीवी, एपटरीगिडे परिवार (Apterygidae family) और एपट्रीक्स जेनस (genus Apteryx) से संबंध रखने वाला सबसे छोटा न उड़ने वाला पक्षी है।

- इन्हें सबसे ज़्यादा नुकसान जंगलों के कटने और घातक कीटनाशकों के प्रयोग से हुआ है। इसीलिये बड़े पैमाने पर इनके संरक्षण के प्रयास किये जा रहे हैं।
- आधुनिक शोधों द्वारा यह प्रमाणित किया गया है कि ये शुतुरमुर्ग (ऑस्ट्रिच) से सबसे निकटतम रूप से संबंधित हैं।
- दरअसल, कीवी के पंख तो होते हैं, लेकिन उनके शारीरिक ढाँचे में उन्हें सहारा देने वाली कोई भी अस्थि नहीं होती, इसीलिये ये उड़ने में सक्षम नहीं होते।
- कीवी की चोंच लम्बी होती है जिसके किनारे नेजल्स भी पाए जाते हैं, जिनसे इन्हें अपने शिकार को पकड़ने में मदद मिलती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-07-12-2017